समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यूनिफॉर्म हेतु ₹1000 DBT से हस्तांतरित, मानदेय मे 10% वृद्धि की घोषणा

राजेश चौधरी

Published on 31 Mar 2026




*⍰⍰⍰⍰⍰⍰ ⍰⍰⍰⍰⍰⍰ | ⍰⍰⍰⍰⍰⍰ | ⍰⍰⍰⍰⍰⍰⍰ ⍰⍰⍰⍰⍰ ⍰⍰⍰⍰⍰⍰*

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बड़ी सौगात दी। इस दौरान करीब 1.22 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दो सेट यूनिफॉर्म के लिए ₹1000 की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। ⍰⍰

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और प्रदेश के बच्चों के भविष्य को संवारने में उनका योगदान अतुलनीय है। ⍰

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार उनके परिश्रम और समर्पण का सम्मान करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग और संबल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह पहल महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.